an>

Title: Need to make budgetory provision in ensuring Railway Budget for construction of railway line between Sitapur and Bahraich in Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) ः मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सीतापुर (उत्तर प्रदेश) से बहराइच तक स्वीकृत नई रेल लाइन की ओर आकृÂट करना चाहता हूँ। बहुत अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक इस रेल लाइन के निर्माण हेतु धन का आवंटन नहीं किया गया है जबकि यह रेल लाइन उत्तर प्रदेश और नेपाल देश की सीमा को जोड़ेगी जिससे एक देश से दूसरे देश को जाने-आने में आसानी होगी तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इस क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की जातियों की बहुत आबादी है। आवागमन के साधन ठीक न होने के कारण इन लोगों का विकास नहीं हो पा रहा है और जनपद कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) में स्थित विश्वस्तरीय बौद्ध स्थल तक बौद्ध भिक्षुओं तथा उनके अनुयायियों को आने-जाने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त रेल लाइन बन जाने से यह तराई का क्षेत्र विकसित होगा तथा माननीय प्रधानमंत्री जी का नारा ""सबका साथ-सबका विकास"" सार्थक होगा।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस रेल लाइन के निर्माण हेतु आने वाले रेल बजट में धन आवंटित कर कार्य शुरू कराने की कृपा की जाए।